Seventeenth Loksabha

an>

Title : Need to construct a permanent building for Kendriya Vidyalaya, Gopalganj, Bihar -laid.

डॉ. आलोक कुमार सुमन (गोपालगंज): मेरे संसदीय क्षेत्र गोपालगंज, में सरकार द्वारा केन्द्रीय विद्यालय दिया गया है जो कि एक स्कूल के मकान में अस्थायी रूप से चल रहा है । मकान की स्थिति काफी जर्जर है । मैंने इसके बारे में केन्द्रीय विद्यालय संगठन का अपने पत्र के माध्यम से एवं अतारांकित प्रश्न के माध्यम से भी ध्यान आकर्षित किया है । विदित हो कि गोपालगंज में जमीन भी उपलब्ध है ।

मैं बताना चाहूंगा कि बच्चे भारतवर्ष के भविष्य हैं । हमारे माननीय मुख्यमंत्री श्री नितिश कुमार जी ने शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया है जिसके कारण आज लड़कियां भी साईकिल पर सवार होकर स्कूल बिना भय के जा रही हैं ।

मैं माननीय मंत्री जी से यह आग्रह कर रहा हूँ कि इस सम्बन्ध में उचित निर्देश दिया जाये ताकि अस्थायी रूप से एक मकान में चल रहा केन्द्रीय विद्यालय गोपालगंज को स्थायी भवन दिया जाये या बनाया जाये ।